(1) shall examine upon oath the complainant and witnesses present there.

(2) shall examine upon oath the complainant only and not the witness present there.

(3) shall examine upon oath witnesses present only and not the complainant.

(4) shall not examine upon oath the complainant and witnesses present there.

76. Section 203 of the code of Criminal Procedure 1973 deals with –

(1) examination of complainant

(2) postponement of issue of process

(3) dismissal of complaint

(4) cognizance of offences by court of session

77. In a case instituted on complaint and it is appeared to the Magistrate during inquiry or trial held by him, that an investigation by police is in progress in relation to the same offence, the Magistrate shall –

(1) stay the investigation process

(2) stay the proceeding of such inquiry or trial

(3) discharge the accused person

(4) acquit the accused person

78. Under which Section of Criminal Procedure Code a case can be committed to the court of session when offence is triable exclusively by it ?

(1) Section 207 Cr.P.C.

(2) Section 208 Cr.P.C.

(3) Section 209 Cr.P.C.

(4) Section 210 Cr.P.C.

79. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 257 के अन्तर्गत यदि मजिस्ट्रेट की अनुज्ञा से परिवाद वापस ले लिया जाता है तो मजिस्ट्रेट

(1) अभियुक्त को उन्मोचित कर देगा ।
(2) अभियुक्त को दोषमुक्त कर देगा ।
(3) अभियुक्त को दोषसिद्ध कर देगा ।
(4) अभियुक्त को न तो उन्मोचित करेगा और न ही दोषमुक्त ।

80. निम्नलिखित में से कौन से अपराध का संक्षिप्त विचारण नहीं किया जा सकता ?

(1) वह अपराध जो दो वर्ष से अधिक की अवधि के लिए कारावास से दण्डनीय नहीं है ।
(2) भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 379 के अधीन चोरी, जहाँ चुराई हुई सम्पत्ति का मूल्य दो हजार रुपये से अधिक नहीं है ।
(3) भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 456 के अधीन कारित अपराध
(4) भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 460 के अधीन कारित अपराध

81. निम्नलिखित में से कौन से व्यक्तियों पर एक साथ आरोप नहीं लगाया जा सकता ?

(1) वे व्यक्ति जिन पर भिन्न संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए एक ही अपराध का अभियोग है ।
(2) वे व्यक्ति जिन पर किसी अपराध का अभियोग है और वे व्यक्ति जिन पर ऐसे अपराध का दुष्प्रेरण करने का अभियोग है ।
(3) वे व्यक्ति जिन पर किसी अपराध का अभियोग है और वे व्यक्ति जिन पर ऐसे अपराध का प्रयत्न करने का अभियोग है ।
(4) वे व्यक्ति जिन पर एक ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए भिन्न अपराधों का अभियोग है ।

79. When a complaint is withdrawn under Section 257 of the code of Criminal Procedure 1973, with the permission of Magistrate, the Magistrate shall –

(1) discharge the accused
(2) acquit the accused
(3) convict the accused
(4) neither discharge nor acquit the accused

80. Which of the following offence cannot be tried summarily –

(1) an offence punishable with imprisonment for a term not exceeding two years.
(2) theft, under Section 379 of the Indian Penal Code 1860 where the value of the property stolen does not exceed two thousand rupees.
(3) offence under Section 456 of the Indian Penal Code 1860.
(4) offence under Section 460 of the Indian Penal Code 1860.

81. Which of the following persons cannot be charged together –

(1) person accused of the same offence committed in the course of different transaction.
(2) person accused of an offence and person accused of abetment of such offence.
(3) person accused of an offence and person accused of attempt to commit such offence.
(4) person accused of different offences committed in the course of same transaction.

82. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 306 संबंधित है
(1) अभियोजन का संचालन करने की अनुज्ञा से
(2) स्थानीय निरीक्षण से
(3) परिवादियों और साक्षियों के व्यय से
(4) सह-अपराधी को क्षमादान से

83. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 313 के संबंध में कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(1) जब अभियुक्त की परीक्षा की जाती है तब उसे कोई शपथ नहीं दिलाई जायेगी ।
(2) अभियुक्त प्रश्नों का मिथ्या उत्तर देने से दण्डनीय हो जाएगा ।
(3) समन मामले में, जहाँ न्यायालय ने अभियुक्त को वैयक्तिक हाजिरी से अभिमुक्ति दे दी है, वहाँ उसकी परीक्षा से भी अभिमुक्ति दे सकता है ।
(4) न्यायालय सुसंगत प्रश्न तैयार करने में प्रतिरक्षा काउंसेल की सहायता ले सकता है ।

84. सेशन न्यायालय द्वारा पारित मृत्यु दण्डादेश को कौन पुष्ट करता है ?
(1) उच्च न्यायालय
(2) उच्चतम न्यायालय
(3) राज्य का राज्यपाल
(4) भारत का राष्ट्रपति

85. संक्षिप्त विचारण में निम्न में से कौन सी प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है ?
(1) सेशन न्यायालय के समक्ष विचारण की प्रक्रिया
(2) पुलिस रिपोर्ट पर संस्थित वारण्ट मामलों की विचारण प्रक्रिया
(3) समन मामलों की विचारण प्रक्रिया
(4) पुलिस रिपोर्ट से भिन्न आधार पर संस्थित वारण्ट मामलों की विचारण प्रक्रिया

82. Section 306 of the code of Criminal Procedure 1973 deals with –
(1) Permission to conduct prosecution
(2) Local inspection
(3) Expenses of complainants and witnesses
(4) Tender of pardon to accomplice

83. Which of the following statement is not true with regard to Section 313 of the code of Criminal Procedure 1973 ?
(1) No oath shall be administered to the accused when he is examined.
(2) The accused shall render himself liable to punishment by giving false answers to questions.
(3) In summons case where the court has dispensed with the personal attendance of accused, it may also dispense with his examination.
(4) The court may take help of defense counsel in preparing relevant questions.

84. Who does confirm the sentence of death passed by the court of session ?
(1) High Court
(2) Supreme Court
(3) Governor of State
(4) President of India

85. Which of the following procedure is followed in summary trial ?
(1) procedure of trial before a court of session.
(2) procedure of trial of warrant cases instituted on police report.
(3) procedure of trial of summons case.
(4) procedure of trial of warrant cases instituted otherwise than a police report.

86. निम्नलिखित में से किस अपराध का शमन न्यायालय की अनुज्ञा के बिना किया जा सकता है ?

(1) भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 323 के अधीन स्वेच्छया उपहति कारित करना ।

(2) भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 312 के अधीन गर्भपात कारित करना ।

(3) भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 406 के अधीन आपराधिक न्यासभंग ।

(4) भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 325 के अधीन स्वेच्छया घोर उपहति कारित करना ।

87. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 320 के अन्तर्गत अपराध के शमन का प्रभाव होगा

(1) अभियुक्त का उन्मोचन

(2) अभियुक्त की दोषमुक्ति

(3) अभियुक्त की दोषसिद्धि

(4) इनमें से कोई नहीं

88. जब मजिस्ट्रेट पर्याप्त कठोर दण्ड का आदेश नहीं दे सकता है, तो वह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 325 के अन्तर्गत कार्यवाही एवं अभियुक्त को भेज सकता है –

(1) उच्च न्यायालय को

(2) सेशन न्यायाधीश को

(3) अपर सेशन न्यायाधीश को

(4) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को

89. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 का अध्याय XXIX संबंधित है

(1) निर्णय से

(2) निर्देश और पुनरीक्षण से

(3) अपील से

(4) आपराधिक मामलों के अन्तरण से

86. Which of the following offence can be compounded without the permission of the court ?

(1) voluntarily causing hurt under Section 323 of the Indian Penal Code 1860.

(2) Causing miscarriage under Section 312 of the Indian Penal Code 1860.

(3) Criminal breach of trust under Section 406 of the Indian Penal Code 1860.

(4) Voluntarily causing grievous hurt under Section 325 of the Indian Penal Code 1860.

87. The composition of an offence under Section 320 of the code of Criminal Procedure 1973 shall have the effect of –

(1) discharge of the accused

(2) acquittal of the accused

(3) conviction of the accused

(4) None of these

88. When a Magistrate cannot pass sentence sufficiently, he may under Section 325 of the code of Criminal Procedure 1973, submit the proceeding and forward the accused to ________

(1) High Court

(2) Session Judge

(3) Additional Session Judge

(4) Chief Judicial Magistrate

89. Chapter XXIX of the code of Criminal Procedure 1973 deals with –

(1) The Judgement

(2) Reference and Review

(3) Appeals

(4) Transfer of Criminal cases

90. कोई व्यक्ति जो अपर सेशन न्यायाधीश द्वारा किये गये विचारण में दोषसिद्ध किया गया है, अपील कर सकता है

(1) उच्च न्यायालय में
(2) सेशन न्यायालय में
(3) उच्चतम न्यायालय में
(4) राज्य सरकार को

91. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 395 के अन्तर्गत किसी लम्बित मामले को राय के लिए भेजा जाता है

(1) उच्चतम न्यायालय को
(2) उच्च न्यायालय को
(3) सेशन न्यायालय को
(4) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को

92. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 376 के अन्तर्गत अपील के उद्देश्य से कौन सा मामला छोटा मामला नहीं समझा जायेगा ?

(1) जहाँ उच्च न्यायालय छः मास से अनधिक की अवधि के लिए कारावास का दण्डादेश पारित करता है ।
(2) जहाँ सेशन न्यायालय तीन मास से अनधिक की अवधि के लिए कारावास का दण्डादेश पारित करता है ।
(3) जहाँ प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट एक मास से अनधिक की अवधि के लिए कारावास का दण्डादेश पारित करता है ।
(4) जहाँ महानगर मजिस्ट्रेट तीन मास से अनधिक की अवधि के लिए कारावास का दण्डादेश पारित करता है ।

90. Any person convicted on a trial held by an Additional Session Judge may appeal to the –

(1) High Court
(2) Court of Session
(3) Supreme Court
(4) State Government

91. A pending case is referred for opinion under Section 395 of the code of Criminal Procedure 1973 to the –

(1) Supreme Court
(2) High Court
(3) Court of Session
(4) Chief Judicial Magistrate

92. Which of the following case cannot be considered as petty case for the purpose of appeal under Section 376 of the code of Criminal Procedure 1973 ?

(1) where a High Court passes a sentence of imprisonment for a term not exceeding six months.
(2) where a court of session passes a sentence of imprisonment for a term not exceeding three months.
(3) where a Magistrate of first class passes a sentence of imprisonment for a term not exceeding one month.
(4) where a Metropolitan Magistrate passes a sentence of imprisonment for a term not exceeding three months.

93. जब कभी कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को पुलिस अधिकारी से गिरफ्तार करवाता है, तब यदि उस मजिस्ट्रेट को जिसके द्वारा यह मामला सुना जाता है, यह प्रतीत होता है कि ऐसी गिरफ्तारी करवाने का कोई पर्याप्त आधार नहीं था, वह मजिस्ट्रेट प्रतिकर दिलवा सकता है

(1) एक लाख रुपये से अनधिक
(2) दस हजार रुपये से अनधिक
(3) पाँच हजार रुपये से अनधिक
(4) एक हजार रुपये से अनधिक

94. अपराधी को भर्त्सना के पश्चात् छोड़ने के मामले में मजिस्ट्रेट द्वारा निम्न में से किस तथ्य पर विचार नहीं किया जा सकता ?

(1) अपराधी की आयु
(2) अपराधी का शील
(3) अपराधी की वित्तीय स्थिति
(4) अपराध की तुच्छ प्रकृति

95. जब किसी व्यक्ति को यह विश्वास करने का कारण है कि हो सकता है उसको किसी ________ के किए जाने के अभियोग में गिरफ्तार किया जाए, तो वह अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है ।

(1) शमनीय अपराध
(2) असंज्ञेय अपराध
(3) जमानतीय अपराध
(4) अजमानतीय अपराध

96. यदि वह स्त्री, जिसे मृत्यु दण्डादेश दिया गया है, गर्भवती पाई जाती है तो उच्च न्यायालय

(1) दण्डादेश के निष्पादन को मुल्तवी करने का आदेश देगा ।
(2) दण्डादेश का आजीवन कारावास के रूप में लघुकरण करेगा ।
(3) दण्डादेश का दस वर्ष की अवधि के कारावास के रूप में लघुकरण करेगा ।
(4) गर्भवती महिला को दोषमुक्त कर देगा ।

93. Whenever any person causes a police officer to arrest another person, if it is appeared to the Magistrate by whom the case is heard that there was no sufficient ground of causing such arrest, the magistrate may award compensation –

(1) not exceeding one lakh rupees
(2) not exceeding ten thousand rupees
(3) not exceeding five thousand rupees
(4) not exceeding one thousand rupees

94. Which of the following fact cannot be considered by a Magistrate in case of release of offender after due admonition ?

(1) age of the offender
(2) character of the offender
(3) financial condition of the offender
(4) trivial nature of the offence

95. Where any person has reason to believe that he may be arrested on accusation of having committed a ________, he may apply for anticipatory bail.

(1) compoundable offence
(2) non-cognizable offence
(3) bailable offence
(4) non-bailable offence

96. If a woman sentenced to death is found to be pregnant, the High Court shall –

(1) order the execution of the sentence to be postponed.
(2) commute the sentence to imprisonment of life.
(3) commute the sentence to imprisonment for a term of ten years.
(4) acquit the pregnant woman

97. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की कौन सी धारा उच्च न्यायालय की अन्तर्निहित शक्ति से संबंधित है ?

(1) धारा 481 (2) धारा 482

(3) धारा 483 (4) धारा 484

98. यदि कोई अपराध केवल जुर्माने से दण्डनीय है तो परिसीमा काल होगा

(1) तीन महीने (2) छः महीने

(3) एक वर्ष (4) तीन वर्ष

99. निम्नलिखित में से कौन सी अनियमितता दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 460 में सम्मिलित नहीं है ?

(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 94 के अधीन तलाशी वारण्ट जारी करना ।

(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 176 के अधीन मृत्यु समीक्षा करना ।

(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 83 के अधीन सम्पत्ति को कुर्क करना और उसका विक्रय करना ।

(4) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 306 के अधीन क्षमादान करना ।

100. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 311-क के अन्तर्गत किसे नमूना हस्ताक्षर देने के लिए निर्देशित किया जा सकता है ?

(1) किसी भी व्यक्ति को जिसमें अभियुक्त भी शामिल है ।

(2) केवल अभियुक्त को

(3) केवल पीड़ित व्यक्ति को

(4) केवल साक्षी को

97. Which of the following section of the code of Criminal Procedure 1973 deals with inherent power of High Court ?

(1) Section 481 (2) Section 482

(3) Section 483 (4) Section 484

98. If an offence is punishable with fine only, the period of limitation shall be –

(1) three months (2) six months

(3) one year (4) three years

99. Which of the following irregularity is not covered under Section 460 of the code of Criminal Procedure 1973 ?

(1) to issue a search warrant under Section 94 of the code of Criminal Procedure 1973

(2) to hold an inquest under Section 176 of the code of Criminal Procedure 1973

(3) to attach and sell property under Section 83 of the code of Criminal Procedure 1973.

(4) to tender a pardon under Section 306 of the code of Criminal Procedure 1973.

100. Who may be directed to give specimen signature under Section 311 A of the code of Criminal Procedure 1973 ?

(1) any person including accused person

(2) only accused person

(3) only victim

(4) only witness

101. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 374 के अधीन अपील की जाती है
(1) दोषसिद्ध व्यक्ति द्वारा
(2) लोक अभियोजक द्वारा
(3) जिला मजिस्ट्रेट द्वारा
(4) राज्य सरकार द्वारा

102. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 106 के संबंध में कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(1) बन्धपत्र का निष्पादन केवल अभियुक्त के दोषसिद्ध होने पर ही किया जा सकता है।
(2) यदि दोषसिद्धि अपील पर अपास्त कर दी जाती है तो बन्धपत्र, जो निष्पादित किया गया था, शून्य हो जाएगा।
(3). बन्धपत्र के निष्पादन का आदेश सेशन न्यायालय या प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट के न्यायालय द्वारा दिया जा सकता है।
(4) बन्धपत्र निष्पादित करने का आदेश अपीलीय न्यायालय द्वारा नहीं दिया जा सकता।

103. आयुध सहित जुलूस या सामूहिक कवायद या सामूहिक प्रशिक्षण के प्रतिषेध की शक्ति किसके पास है ?
(1) सेशन न्यायालय के पास
(2) जिला मजिस्ट्रेट के पास
(3) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पास
(4) प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट के पास

104. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 439 के अधीन जमानत से संबंधित विशेष शक्तियाँ निहित हैं
(1) केवल उच्चतम न्यायालय को
(2) केवल उच्च न्यायालय को
(3) केवल सेशन न्यायालय को
(4) उच्च न्यायालय एवं सेशन न्यायालय दोनों को

101. An appeal under Section 374 of the code of Criminal Procedure 1973 is filed by –
(1) Convicted person
(2) Public prosecutor
(3) District Magistrate
(4) State Government

102. Which of the following statement is not true with regard to Section 106 of the code of Criminal Procedure 1973 ?
(1) bond may be executed only on the conviction of the accused
(2) If the conviction is set aside on appeal, the bond so executed shall become void
(3) An order for execution of bond may be passed by court of session or court of Magistrate of first class
(4) An order for execution of bond cannot be made by Appellate court.

103. Who has the power to prohibit carrying arms in procession or mass drill or mass training with arms ?
(1) Court of session
(2) District Magistrate
(3) Chief Judicial Magistrate
(4) Magistrate of first class

104. Special power regarding bail, under Section 439 of the code of Criminal Procedure 1973, is conferred on –
(1) only Supreme Court
(2) only High Court
(3) only Court of Session
(4) both High court and Court of session

**105.** कोई व्यक्ति उप-अभियोजन निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए केवल तभी पात्र होगा, यदि वह अधिवक्ता के रूप में व्यवसाय कर रहा है

(1) दस वर्ष से कम नहीं

(2) सात वर्ष से कम नहीं

(3) पाँच वर्ष से कम नहीं

(4) दो वर्ष से कम नहीं

**106.** अभिवाक् सौदेबाजी के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(1) यह वहाँ लागू नहीं होता जहाँ अपराध किसी स्त्री के विरुद्ध कारित किया गया है ।

(2) यह वहाँ लागू नहीं होता जहाँ अपराध चौदह वर्ष से कम आयु के बच्चे के विरुद्ध कारित किया गया है ।

(3) न्यायालय अपना निर्णय खुले न्यायालय में नहीं सुनाएगा ।

(4) अभिवाक् सौदेबाजी के लिए आवेदन में अभियुक्त द्वारा दिया गया अभिकथन का किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा ।

**107.** जब अपील में उच्च न्यायालय द्वारा मृत्यु दण्डादेश दिया जाता है तो उक्त दण्डादेश को क्रियान्वित कौन कराएगा ?

(1) राज्य सरकार

(2) सेशन न्यायालय

(3) जिला मजिस्ट्रेट

(4) प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट

**108.** दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की कौन सी धारा में पुलिस के पास संज्ञेय अपराध के अंतर्गत गिरफ्तार करने की शक्ति है ?

(1) धारा 149 (2) धारा 150

(3) धारा 151 (4) धारा 152

**105.** A person shall be eligible to be appointed as a deputy director of prosecution only if he has been in practice as an advocate for –

(1) not less than ten years

(2) not less than seven years

(3) not less than five years

(4) not less than two years

**106.** Which of the following statement is not true with regard to Plea bargaining ?

(1) It does not apply where offence has been committed against woman.

(2) It does not apply where offence has been committed against a child below the age of fourteen years.

(3) The court shall not deliver its judgment in the open court.

(4) The statement made by the accused in an application for plea bargaining shall not be used for any other purpose.

**107.** Who shall cause the sentence to be carried into effect when a sentence of death is passed by the High Court in appeal ?

(1) State Government

(2) Court of Session

(3) District Magistrate

(4) Magistrate of first class

**108.** In which of the following Section of the code of Criminal Procedure 1973, a police officer has a power to arrest in a cognizable offence ?

(1) Section 149 (2) Section 150

(3) Section 151 (4) Section 152

109. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 41 से संबंधित है
(1) पुलिस वारण्ट के बिना कब गिरफ्तार कर सकेगी ।
(2) नाम और निवास बताने से इन्कार करने पर गिरफ्तारी
(3) प्राइवेट व्यक्ति द्वारा गिरफ्तारी
(4) मजिस्ट्रेट द्वारा गिरफ्तारी

110. सेशन न्यायालय के समक्ष प्रत्येक विचारण में, अभियोजन का संचालन किया जाएगा
(1) स्वयं न्यायालय द्वारा
(2) लोक अभियोजक द्वारा
(3) अभियुक्त द्वारा
(4) साक्षी द्वारा

111. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 433 के अधीन दण्डादेश के लघुकरण की शक्ति किसके पास है ?
(1) भारत के राष्ट्रपति के पास
(2) उच्च न्यायालय के पास
(3) समुचित सरकार के पास
(4) उच्चतम न्यायालय के पास

112. विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट एक समय में ________ की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है ।
(1) एक वर्ष से अनधिक
(2) दो वर्ष से अनधिक
(3) पाँच वर्ष से अनधिक
(4) सात वर्ष से अनधिक

113. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 में धारा 55-क को अन्तर्विष्ट किया गया
(1) 2005 के अधिनियम 25 द्वारा
(2) 2010 के अधिनियम 41 द्वारा
(3) 1978 के अधिनियम 45 द्वारा
(4) 2009 के अधिनियम 5 द्वारा

109. Section 41 of the code of Criminal Procedure 1973 deals with
(1) when police may arrest without warrant
(2) arrest on refusal to give name and residence
(3) arrest by private person
(4) arrest by Magistrate

110. In every trial before a court of session, the prosecution shall be conducted by –
(1) the court itself
(2) the public prosecutor
(3) the accused
(4) the witness

111. Who has the power to commute a sentence under Section 433 of the code of Criminal Procedure 1973 ?
(1) President of India
(2) High Court
(3) Appropriate Government
(4) Supreme Court

112. A special Judicial Magistrate is appointed for a term ________ at a time.
(1) not exceeding one year
(2) not exceeding two years
(3) not exceeding five years
(4) not exceeding seven years

113. Section 55A was inserted in the code of Criminal Procedure 1973 by –
(1) Act 25 of 2005
(2) Act 41 of 2010
(3) Act 45 of 1978
(4) Act 5 of 2009

114. न्यायिक मजिस्ट्रेटों के न्यायालय पर अधीक्षण का निरन्तर प्रयोग करने का कर्तव्य निम्न में से किसका है ?

(1) जिला मजिस्ट्रेट का
(2) राज्य के राज्यपाल का
(3) सेशन न्यायालय का
(4) उच्च न्यायालय का

115. अपीलों के उपशमन संबंधित प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की ____ में निहित हैं ।

(1) धारा 391 (2) धारा 392
(3) धारा 393 (4) धारा 394

116. जब वारण्ट का निष्पादन उसे जारी करने वाले न्यायालय की स्थानीय अधिकारिता के बाहर किया जाना है तब वह न्यायालय ऐसा वारण्ट भेज सकता है

(1) कार्यपालक मजिस्ट्रेट को जिसकी अधिकारिता के अन्दर उसका निष्पादन किया जाना है ।
(2) जिला पुलिस अधीक्षक को जिसकी अधिकारिता के अन्दर उसका निष्पादन किया जाना है ।
(3) पुलिस आयुक्त को जिसकी अधिकारिता के अन्दर उसका निष्पादन किया जाना है ।
(4) इनमें से किसी को भी ।

117. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अधीन यदि बन्धपत्र के लिए कोई प्रतिभू बन्धपत्र का समपहरण होने से पूर्व मर जाता है, तो

(1) उसकी सम्पदा बन्धपत्र के बारे में दायित्व से उन्मोचित नहीं होगी ।
(2) उसकी सम्पदा बन्धपत्र के बारे में दायित्व से उन्मोचित हो जायेगी ।
(3) उसके विधिक प्रतिनिधि बन्धपत्र के बारे में दायी हो जायेंगे ।
(4) उसके विधिक प्रतिनिधि की सम्पदा बन्धपत्र के बारे में दायी हो जायेगी ।

114. Which of the following has duty to exercise continuous superintendence over courts of Judicial Magistrate ?

(1) District Magistrate
(2) Governor of State
(3) Court of Session
(4) High Court

115. The provisions regarding abatement of appeals are contained in ________ of the code of Criminal Procedure 1973.

(1) Section 391 (2) Section 392
(3) Section 393 (4) Section 394

116. When a warrant is to be executed outside the local jurisdiction of the court issuing it, such court may forward it to –

(1) Executive Magistrate in whose jurisdiction, it is to be executed
(2) District Superintendent of Police in whose jurisdiction it is to be executed.
(3) Commissioner of police in whose jurisdiction it is to be executed.
(4) Any of these

117. Under the code of Criminal Procedure 1973 where a surety to a bond dies before the bond is forfeited –

(1) his estate shall not be discharged from liability in respect of bond.
(2) his estate shall be discharged from liability in respect of bond.
(3) his legal representative shall become liable in respect of bond.
(4) estate of his legal representative shall become liable in respect of bond.

118. ऐसा मामला जो मृत्यु, आजीवन कारावास या दो वर्ष से अधिक की अवधि के कारावास से दण्डनीय है, कहलाता है

(1) समन मामला (2) वारण्ट मामला

(3) संज्ञेय मामला (4) असंज्ञेय मामला

119. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 409 के अन्तर्गत निम्न में से किसके पास मामले को वापस लेने की शक्ति है ?

(1) उच्चतम न्यायालय (2) उच्च न्यायालय

(3) सेशन न्यायालय (4) न्यायिक मजिस्ट्रेट

120. जब बन्दी जेल में परिरुद्ध किया जाना है, तब वारण्ट सौंपा जाएगा

(1) जेलर को

(2) लोक अभियोजक को

(3) न्यायालय के अधिकारी को

(4) जिला मजिस्ट्रेट को

121. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 437 संबंधित है

(1) जमानतीय अपराध के मामले में जमानत से

(2) अजमानतीय अपराध के मामले में जमानत से

(3) अग्रिम जमानत से

(4) शमनीय अपराध के मामले में जमानत से

122. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अधीन समन की तालीम कौन कर सकता है ?

(1) पुलिस अधिकारी

(2) न्यायालय का अधिकारी

(3) लोक सेवक

(4) इनमें से कोई भी

118. A case relating to an offence punishable with death, imprisonment for life or imprisonment for a term exceeding two years, is known as _______.

(1) summons case
(2) warrant case
(3) cognizable case
(4) non-cognizable case

119. Which of the following has a power to withdraw a case under Section 409 of the code of Criminal Procedure 1973 ?

(1) Supreme Court
(2) High Court
(3) Court of Session
(4) Judicial Magistrate

120. When the prisoner is to be confined in a jail, the warrant shall be lodged with –

(1) Jailor
(2) Public prosecutor
(3) Office of court
(4) District Magistrate

121. Section 437 of the code of Criminal Procedure 1973 deals with –

(1) bail in case of bailable offence
(2) bail in case of non-bailable offence
(3) anticipatory bail
(4) bail in case of compoundable offence

122. Who may serve summons under the code of Criminal Procedure 1973 ?

(1) police officer
(2) officer of court
(3) public servant
(4) Any of these

123. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 2(17) लोक अधिकारी को परिभाषित करती है जिसमें सम्मिलित है :

(1) सरकारी सेवक
(2) सेना का कमीशण्ड ऑफिसर
(3) प्रत्येक न्यायाधीश
(4) ये सभी

123. Section 2(17) of the Code of Civil Procedure, 1908 defines public officer which includes –

(1) Government servant
(2) Commissioned officer of military
(3) Every Judge
(4) All of these

124. लघुवाद न्यायालय किस न्यायालय के अधीनस्थ है ?

(1) केवल उच्च न्यायालय के
(2) केवल जिला न्यायालय के
(3) उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय दोनों के
(4) राजस्व न्यायालय के

124. Court of small cause is subordinate to

(1) only High Court
(2) only District Court
(3) both High Court and District Court
(4) only Revenue Court

125. अन्त:कालीन लाभ का दावा किया जा सकता है

(1) केवल चल सम्पत्ति के संबंध में
(2) केवल स्थावर सम्पत्ति के संबंध में
(3) चल एवं स्थावर दोनों सम्पत्ति के संबंध में
(4) बौद्धिक सम्पत्ति के संबंध में

125. Mesne profit can be claimed regarding

(1) movable property only
(2) immovable property only
(3) both movable and immovable property
(4) intellectual property only

126. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 9 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन सा वाद पोषणीय नहीं है ?

(1) विनिर्दिष्ट अनुतोष के लिए वाद
(2) पूजा करने के अधिकार से संबंधित वाद
(3) धार्मिक जुलूस निकालने से संबंधित वाद
(4) पूर्णत: धार्मिक अधिकार पर आधारित वाद

126. Which of the following suit is not maintainable under Section 9 of the Code of Civil Procedure, 1908 ?

(1) Suit for specific relief
(2) Suit relating to right to worship
(3) Suit relating to taking out of religions procession
(4) Suit based on purely religious rights

127. निम्नलिखित में से कौन सा आदेश डिक्री नहीं है ?

(1) प्रत्याक्षेप खारिज करने का आदेश
(2) वाद के उपशमन का आदेश
(3) वाद-पत्र नामंजूर करने का आदेश
(4) कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश

127. Which of the following order is not amounting to decree ?

(1) An order dismissing cross objection
(2) An order of abatement of a suit
(3) An order rejecting a plaint
(4) An order appointing a commissioner

128. "हर वाद उस निम्नतम श्रेणी के न्यायालय में संस्थित किया जायेगा जो उसका विचारण करने के लिए सक्षम है ।" उक्त प्रावधान संबंधित है

(1) प्रादेशिक क्षेत्राधिकार से

(2) धन संबंधी क्षेत्राधिकार से

(3) विषय-वस्तु संबंधित क्षेत्राधिकार से

(4) अपीलीय क्षेत्राधिकार से

129. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 24 के अन्तर्गत निम्न में से कौन सी शक्ति उच्च न्यायालय को निहित नहीं है ?

(1) किसी वाद को जो उसके सामने विचारण के लिए लंबित है, अपने अधीनस्थ किसी ऐसे न्यायालय को अन्तरित करने की शक्ति जो उसका विचारण करने के लिए सक्षम है ।

(2) अधीनस्थ न्यायालय में लंबित किसी वाद को प्रत्याहरण करने एवं उसका विचारण करने की शक्ति

(3) किसी ऐसे वाद को जो उसके सामने विचारण के लिए लम्बित है, उसे किसी अन्य उच्च न्यायालय में अन्तरित करने की शक्ति

(4) किसी वाद को उस न्यायालय से अन्तरित करने की शक्ति, जिसे उसका विचारण करने की अधिकारिता नहीं है ।

130. ______ में किसी वाद का लम्बित होना, उसी वाद हेतुक पर आधारित किसी वाद का विचारण करने से भारत में/के न्यायालयों को प्रवरित नहीं करता ।

(1) जिला न्यायालय (2) उच्च न्यायालय

(3) विदेशी न्यायालय (4) उच्चतम न्यायालय

128. "Every suit shall be instituted in the court of the lowest grade competent to try it." Such provision is related to

(1) Territorial Jurisdiction

(2) Pecuniary Jurisdiction

(3) Jurisdiction as to subject matter

(4) Appellate Jurisdiction

129. Which of the following power is not granted to the High Court under Section 24 of the Code of Civil Procedure, 1908 ?

(1) Power to transfer a suit pending before it for trial to any court subordinate to it and competent to try.

(2) Power to withdraw any suit pending in subordinate court and try of the same.

(3) Power to transfer a suit pending before it for trial to other High Court.

(4) Power to transfer a suit from a court which has no jurisdiction to try it.

130. The pendency of a suit in ________ does not preclude the courts in India from trying a suit founded on the same cause of action.

(1) District Court (2) High Court

(3) Foreign Court (4) Supreme Court

131. निम्नलिखित में से कौन सी डिक्री की अन्तर्वस्तु नहीं है ?
(1) मामले का विस्तृत कथन
(2) दावे की विशिष्टियाँ
(3) पक्षकारों को अनुदत अनुतोष
(4) वाद में उपगत खर्चों की रकम

131. Which of the following is not a content of decree ?
(1) Detail statement of the case
(2) Particulars of claim
(3) Relief granted to the parties
(4) Relief amount of costs incurred in the suit

132. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 का भाग IV संबंधित है
(1) निष्पादन से
(2) आनुषंगिक कार्यवाहियों से
(3) विशिष्ट मामलों में वाद से
(4) विशेष कार्यवाहियों से

132. Part-IV of the Code of Civil Procedure, 1908 deals with
(1) execution
(2) incidental proceedings
(3) suits in particular cases
(4) special proceedings

133. केन्द्रीय सरकार के विरुद्ध वाद की दशा में, जहाँ वह रेल से संबंधित हो, पूर्व लिखित सूचना परिदत्त करने की आवश्यकता होती है
(1) केन्द्रीय सरकार के सचिव को
(2) रेल के प्रधान प्रबन्धक को
(3) रेल मंत्री को
(4) गृह मंत्री को

133. In the case of suit against the Centeral Government, where it relates to railway, a prior notice in writing is required to be delivered to
(1) Secretary to Central Government
(2) General Manager of Railway
(3) Minister of Railway
(4) Minister of Home Affairs

134. ऐसे कार्य की बाबत जो कि लोक अधिकारी द्वारा अपनी पदीय हैसियत में किया गया है, लोक अधिकारी के विरुद्ध कोई वाद तब तक संस्थित नहीं किया जाएगा जब तक कि लिखित सूचना परिदत्त किये जाने के पश्चात् ________ का अवसान न हो गया हो ।
(1) दो सप्ताह (2) दो माह
(3) छ: सप्ताह (4) छ: माह

134. No suit shall be instituted against a public officer in respect of any act done in his official capacity, until the expiration of ________ next after notice in writing has been delivered.
(1) two weeks (2) two months
(3) six weeks (4) six months

135. सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 की धारा 25 के अन्तर्गत निम्न में से किस न्यायालय को अपील के अन्तरण की शक्ति निहित है ?
(1) उच्चतम न्यायालय को
(2) उच्च न्यायालय को
(3) जिला न्यायालय को
(4) लघुवाद न्यायालय को

135. Which of the following court has power to transfer an appeal under Section 25 of the Code of Civil Procedure, 1908 ?
(1) Supreme Court
(2) High Court
(3) District Court
(4) Court of Small Causes

136. लोक अधिकारी के विरुद्ध ऐसे कार्य के बाबत जो कि उसकी पदीय हैसियत में किया गया है, के वाद में लोक अधिकारी को कौन सा विशेषाधिकार नहीं दिया गया है ?

(1) उस पर गिरफ्तार होने का दायित्व नहीं होगा ।

(2) उसे स्वीय उपसंजाति से छूट दी जा सकती है ।

(3) सरकार को पक्षकार के रूप में संयोजित किया जायेगा ।

(4) डिक्री के निष्पादन में उसकी संपत्ति पर कुर्क किये जाने का दायित्व नहीं होगा ।

137. लोक अधिकारी के विरुद्ध ऐसे कार्य के बाबत जो कि उसकी पदीय हैसियत में किया गया है, के वाद में पारित डिक्री की तारीख से संगणित ______ की अवधि तक उस डिक्री के तुष्ट न होने पर ही डिक्री के निष्पादन का आदेश निकाला जाएगा ।

(1) तीन दिवस (2) तीन सप्ताह

(3) तीन मास (4) तीन वर्ष

138. अत्यावश्यक या तुरन्त अनुतोष अभिप्राप्त करने के लिए सरकार के विरुद्ध या लोक अधिकारी के विरुद्ध ऐसे कार्य के बाबत जो कि उसकी पदीय हैसियत में किया गया है, के वाद में यदि न्यायालय पक्षकारों की सुनवाई के बाद संतुष्ट हो जाए कि अत्यावश्यक या तुरन्त अनुतोष देने की आवश्यकता नहीं है, तो न्यायालय

(1) वाद-पत्र नामंजूर कर देगा ।

(2) उस सरकार या लोक अधिकारी के पक्ष में डिक्री पारित कर देगा ।

(3) वाद-पत्र वापस कर देगा कि अपेक्षाओं का पालन करने के पश्चात् प्रस्तुत किया जाए ।

(4) वादी पर शास्ति अधिरोपित कर देगा ।

136. Which of the following privilege is not given to the public officer in a suit instituted against a public officer in respect of any act done by him in his official capacity ?

(1) He shall not be liable to arrest.

(2) He may be exempted from appearing in person.

(3) The Government shall be joined as a party to the suit.

(4) His property shall not be liable to attachment in execution of a decree.

137. In a decree passed against public officer in respect of any act done by him in official capacity, the execution shall not be issued unless it remains unsatisfied for the period of ________ computed from the date of such decree.

(1) three days (2) three weeks

(3) three months (4) three years

138. In a suit to obtain an urgent or immediate relief against Government or public officer for act done in his official capacity, if the court is satisfied after hearing the parties that no urgent or immediate relief need to be granted in suit, the court shall

(1) reject the plaint

(2) pass a decree in favour of that government or public officer

(3) return the plaint for presentation after complying with requirements

(4) impose penalty upon plaintiff

**139.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 का आदेश XXVII संबंधित है

(1) सरकार द्वारा या उसके विरुद्ध या अपनी पदीय हैसियत में लोक अधिकारियों द्वारा या उनके विरुद्ध वाद से

(2) संक्षिप्त प्रक्रिया से

(3) स्थगन से

(4) पक्षकारों की मृत्यु, उनका विवाह और दिवाला से

**140.** निम्नलिखित में से किस आधार पर न्यायालय वाद-पत्र को लौटा देगा ?

(1) वाद-पत्र वाद हेतुक प्रकट नहीं करता है ।

(2) वाद-पत्र दो प्रतियों में प्रस्तुत नहीं किया जाता है ।

(3) वाद-पत्र के कथन से यह प्रतीत होता है कि वाद किसी विधि द्वारा वर्जित है ।

(4) वाद-पत्र उस न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिसमें वाद संस्थित किया जाना चाहिए था ।

**141.** सिविल प्रक्रिया संहिता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(1) सन् 1859 से पहले कोई समान सिविल प्रक्रिया संहिता नहीं थी ।

(2) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 दिनांक 01 जनवरी, 1909 को लागू हुई ।

(3) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 का पूर्वव्यापी प्रभाव है ।

(4) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की पहंली अनुसूची में 51 आदेश हैं ।

**142.** निम्नलिखित में से कौन भारतीय न्यायालय में वाद संस्थित नहीं कर सकता ?

(1) भारतीय नागरिक

(2) अन्य देशीय मित्र

(3) अन्य देशीय शत्रु जो केन्द्रीय सरकार की बिना अनुज्ञा भारत में निवास कर रहा हो ।

(4) विदेशी राज्य

**139.** Order XXVII of the Code of Civil Procedure, 1908 deals with

(1) Suits by or against the Government or Public officer in their official capacity.

(2) Summary procedure

(3) Adjustments

(4) Death, Marriage and Insolvency of parties

**140.** On which of the following ground the court shall return a plaint ?

(1) The plaint does not disclose a cause of action.

(2) The plaint is not filed in duplicate.

(3) The suit, appears from the statement in the plaint to be barred by law.

(4) The plaint to be presented to the court in which the suit should have been instituted.

**141.** Which of the following statement is not true with regard to the Code of Civil Procedure ?

(1) Before 1859, there was no uniform code of Civil Procedure.

(2) The Code of Civil Procedure, 1908 came into force with effect from January 01, 1909.

(3) The Code of Civil Procedure, 1908 has retrospective effect.

(4) The first schedule of the Code of Civil Procedure, 1908 comprises 51 orders.

**142.** Which of the following cannot institute a suit in Indian Courts ?

(1) Citizen of India

(2) Alien friend

(3) Alien enemy residing in India without permission of Central Government

(4) A Foreign State

143. जहाँ कोई वाद सम्यक् रूप से संस्थित किया जा चुका है, वहाँ उपसंजात होने और दावे का उत्तर देने के लिए समन प्रतिवादी के नाम निकाला जा सकेगा और उसकी तामील, ऐसे दिन को जो वाद के संस्थापन की तारीख से ______ से बाद का ना हो, की जा सकेगी ।

(1) तीस दिन (2) साठ दिन
(3) दस दिन (4) बीस दिन

144. न्यायालय, किसी ऐसे व्यक्ति को जिसके नाम सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 30 के अधीन समन निकाला गया है, को हाजिर होने के लिए विवश करने बाबत निम्न में से कौन सी शास्ति अधिरोपित नहीं कर सकता ?

(1) उसकी गिरफ्तारी के लिए वारण्ट निकालना ।
(2) उसकी सम्पत्ति को कुर्क एवं विक्रय करना ।
(3) उसके ऊपर पाँच हजार रुपये से अधिक जुर्माना अधिरोपित करना ।
(4) उसकी उपसंजाति के लिए प्रतिभूति का आदेश देना ।

145. निम्नलिखित में से किस आधार पर वाद विफल हो सकता है ?

(1) आवश्यक पक्षकारों के कुसंयोजन पर
(2) उचित पक्षकारों के कुसंयोजन पर
(3) उचित पक्षकारों के असंयोजन पर
(4) आवश्यक पक्षकारों के असंयोजन पर

146. **कथन** : एक अवयस्क किसी मृत व्यक्ति का विधिक प्रतिनिधि हो सकता है ।

**व्याख्या** : लेकिन किसी विधिक प्रक्रिया में अवयस्क का प्रतिनिधित्व वाद-मित्र या संरक्षक द्वारा किया जाना चाहिए ।

(1) कथन सत्य है, लेकिन व्याख्या असत्य है ।
(2) कथन असत्य है, लेकिन व्याख्या सत्य है ।
(3) कथन एवं व्याख्या दोनों असत्य हैं ।
(4) कथन एवं व्याख्या दोनों सत्य हैं ।

143. Where a suit has been duly instituted a summons may be issued to the defendant to appear and answer the claim and may be served on such day not beyond ______ from the date of institution of suit.

(1) thirty days (2) sixty days
(3) ten days (4) twenty days

144. Which one of the following penalty cannot be imposed by the court to compel the attendance of any person to whom a summons has been issued under Section 30 of the Code of Civil Procedure, 1908 ?

(1) Issue a warrant for his arrest
(2) Attach and sell his property
(3) Impose a fine upon him exceeding five thousand rupees
(4) Order him to furnish security for his appearance

145. On which of the following ground a suit may be defeated ?

(1) Mis-joinder of Necessary parties
(2) Mis-joinder of Proper parties
(3) Non-joinder of Proper parties
(4) Non-joinder of Necessary parties

146. **Statement** : A minor can be a legal representative of a decreased person.

**Explanation** : But in any legal proceedings, such minor must be represented by his next friend or guardian.

(1) Statement is true but explanation is false.
(2) Statement is false but explanation is true.
(3) Both the statement and explanation are false.
(4) Both the statement and explanation are true.

147. प्रतिवादी द्वारा किये जाने वाले मुजरा के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(1) वाद धन की वसूली के लिए होना चाहिए ।
(2) धन की राशि अभिनिश्चित होनी चाहिए ।
(3) धनराशि न्यायालय की अधिकारिता की धन संबंधी सीमाओं से अनधिक होनी चाहिए ।
(4) अगर एक से ज्यादा प्रतिवादी हों, तो धनराशि किसी भी प्रतिवादी द्वारा वसूल करने योग्य होनी चाहिए ।

148. जहाँ वाद की सुनवाई के लिए पुकार होने पर दोनों में से कोई भी पक्षकार उपसंजात नहीं होता है, तो वहाँ न्यायालय यह आदेश दे सकेगा कि
(1) वादी के पक्ष में डिक्री पारित की जाए ।
(2) वाद खारिज कर दिया जाए ।
(3) वाद-पत्र नामंजूर कर दिया जाए ।
(4) वाद-पत्र लौटा दिया जाए ।

149. जहाँ वाद की सुनवाई के लिए पुकार होने पर वादी उपसंजात हो जाता है और प्रतिवादी उपसंजात नहीं होता है और यह साबित नहीं होता है कि समन की तामील सम्यक् रूप से की गई थी, तब न्यायालय
(1) वाद की एक पक्षीय सुनवाई करेगा ।
(2) वाद खारिज कर देगा ।
(3) आदेश देगा कि दूसरा समन निकाला जाए और उसकी तामील प्रतिवादी पर की जाए ।
(4) प्रतिवादी की गिरफ्तारी के लिए वारण्ट निकालेगा ।

150. जब लागू होने योग्य हो तब ________ के प्रारूप और जहाँ वे लागू होने योग्य न हो, वहाँ जहाँ तक हो सके, लगभग वैसे ही प्रारूप सभी अभिवचनों के लिए प्रयुक्त किये जाएँगे ।
(1) परिशिष्ट 'क' (2) परिशिष्ट 'ख'
(3) परिशिष्ट 'ग' (4) परिशिष्ट 'घ'

147. Which of the following statement is not true with regard to set-off, claimed by defendant ?
(1) The suit must be for recovery of money.
(2) The sum of money must be ascertained.
(3) The sum of money must not exceed the limits of pecuniary jurisdiction of the court.
(4) The sum of money must be recoverable by any defendant, if more than one.

148. Where neither party appears when the suit is called on for hearing, the court may make an order that ?
(1) The decree be passed in favour of plaintiff.
(2) The suit be dismissed.
(3) The plaint be rejected.
(4) The plaint be returned.

149. Where the plaintiff appears and the defendant does not appear when the suit is called for hearing and it is not proved that the summons was duly served, the court shall
(1) hear the suit ex-parte
(2) dismiss the suit
(3) direct a second summons to be issued and served on defendant
(4) issue a warrant for arrest of defendant

150. The forms in ________, when applicable and where they are not applicable, forms of like character, as nearly as may be, shall be used for all pleadings.
(1) Appendix 'A' (2) Appendix 'B'
(3) Appendix 'C' (4) Appendix 'D'

रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK